न्यायालय उपखण्ड अधिकारी शाहपुरा जिला जयपुर (राजस्थान)

पीठासीन अधिकारी :– श्री नरेन्द्र कुमार मीना, आर ए एस

प्रा. पत्र संख्या :06/2019

उनवान

लालसिंह सिसोदिया पुत्र जवाहर सिंह जाति राजपूत निवासी– 5ए नेमीसागर कालोनी वैशालीनगर जयपुर (राज0)

मैमर्स स्टार ग्लोबल एनड्ररा प्रा0लि0, पता– 137, 138 औद्योगिक क्षेत्र झोटवाड़ा जरिये निदेशक संजय ...न पुत्र अमरनाथ जैन जाति महाजन नि. प्लॉट नं. 46बी, केशव पथ, सुरज नगर, सिविल लाईन्स जयपुर

प्रार्थीगण

बनाम

राजस्थान सरकार (भू धारक) जरिये तहसीलदार तहसील–शाहपुरा ,जिला जयपुर (राज0)

अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र बाबत् नवीन रास्ता चाहने हेतु अन्तर्गत आर0टी0एक्ट0 1955 निर्णय दिनांक 2/8/20..

...र्थीगण की आरे से प्रार्थना पत्र पेश किया गया कि प्रार्थी की खातेदारी भूमि ख.नं. 372/0.26, 356/0.48 ...कै ग्राम सुराणा तहसील शाहपुरा में स्थित है। जिसमें आने जाने हेतू 356/1331 राजकीय भूमि में से ...स्ते हेतू आवेदन किया है। प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र के सन्दर्भ में तहसीलदार शाहपुरा से रिपार्ट प्राप्त की गई। ...हसीलदार शाहपुरा से रिपोर्ट प्राप्त हो गई।

राजस्व रिकार्ड का अवलोकन करने पर पाया गया कि प्रार्थीगण के नाम ख.नं. 372, 356 राजस्व ...रिकार्ड में दर्ज है तथा उक्त आराजी भूमि खोरालाड़खानी से मनोहरपुर रोड़ पर स्थित है जो मुख्य सड़क ...के दक्षिण दिशा में ख.नं. 372 की भूमि है तथा इनके बीच में ख.नं. 356/1331 के लगता आवेदक का ख. ...नं. 356 स्थित है अर्थात् ख.नं. 356 से 372 में जाने हेतू कोई भी वैकल्पिक रास्ता उपलब्ध नही हैं जबकि ख.नं. 356/1331 सरकारी भूमि है जो मौके पर खाली पड़ी है। प्रार्थीगण को अपनी खातेदारी भूमि ख.नं. ...356 में जाने हेतू ख.नं. 356/1331 रकबा 0.44 है0 सरकारी भूमि से आवेदक का रास्ते की आवश्यकता है।

तहसीलदार शाहपुरा ने अपनी रिपोर्ट में जाहिर किया कि ख.नं. 372 रकबा 0.26 है0 भूमि औद्योगिक ...प्रयोजनार्थ संपरिवर्तन शुदा भूमि है जिसमें मौके पर रास्ता है तथा इसके लगता ख.नं. 356/1331 रकबा ...0.44 है0 में भी मौके पर रास्ता बना हुआ है। आराजी ख.नं. 356/1331 किस्म गै.मु. पहाड़ है लेकिन मौके ...पर पहाड़ या पर्वत नही है तथा मौके पर रास्ता चालू है। राज्य सरकार के परिपत्र क्रमांक प. 3(52) ...राज–6/12/4 जयपुर दिनांक 14.6.2013 के अनुसार कोई खातेदार अपनी जोत तक पहुंचने के लिए ...राजकीय भूमि में से होकर नया मार्ग बनाना या विद्यमान मार्ग को विस्तारित या चौड़ा करवाना चाहता है तो ...जिला स्तरीय समिति द्वारा सिफारिश की गई कृषि भूमि की दर का दोगुना प्रतिकार लिया लाकर रास्ता ...प्रदत्त किये जाने के स्पष्ट निर्देश है। चूंकि प्रकरण में प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज व तहसीलदार शाहपुरा ...से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार प्रकरण में उक्त नियमों के तहत रास्ता दिया जाना उचित प्रतीत होता है।

अतः राज्य सरकार के परिपत्र प.3/52/राज–6/12/4 जयपुर दिनांक 14.6.13 की पालना में ग्राम ...सुराणा तहसील शाहपुरा के ख.नं. 356/1331 रकबा 0.44 है0 गै.मु. पहाड़ में से 68 मीटर लम्बा तथा 30 ...फीट चौड़ाई में ख.नं. 356/1331 की उत्तर पश्चिमी से दक्षिण पश्चिमी सीमा के सहारे–सहारे जिला ...स्तरीय कमेटी निर्धारित राशि की दोगुना राशि प्रार्थी द्वारा राज्य कोष में जमा कराने पर राजस्व रिकार्ड में ...गै.मु. रास्ता दर्ज करने के आदेश देता हूँ। तहसीलदार शाहपुरा को भूमि रास्ते में दर्ज हेतु भूमि का आंकलन ...कर राशि राज्य कोष में जमा करने तथा राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद हेतु लिखा जावें। पत्रावली फैसल ...सुनार होकर दाखिल दफ्तर हो।